हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध से मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर नाराज, दो दर्जन देंगे इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉक्टरों और स्टाफ के संकट से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को एक और बड़ा झटका लगने वाला है। राज्य शासन द्वारा निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाए जाने से नाराज करीब दो दर्जन डॉक्टर सामुहिक रूप से दो-तीन दिनों के भीतर इस्तीफा देने की तैयारी में है। नाराज डॉक्टरों ने प्रबंधन को साफ तौर पर कह दिया है कि इस आदेश में तत्काल संशोधन नहीं किया गया तो वे पृथक-पृथक तौर पर नौकरी से त्याग पत्र दे देंगे।

मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिए जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में सीनियर और जूनियर डॉक्टरों के स्वीकृत पद के विरूद्ध करीब तीन फीसदी ही काम कर रहे हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रहा है। पिछले कुछ माह पहले राज्य शासन ने करीब 14 डॉक्टरों को पदस्थ किया था, लेकिन इसके बाद भी कमी बरकरार है। इस बीच राज्य शासन द्वारा डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद यहां पदस्थ डॉक्टरों में आक्रोश पनप गया है। डॉक्टरों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधीन चिकित्सक पृथक श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनके संबंधित आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नहीं होना चाहिए। चिकित्सा शिक्षकों के लिए निजी प्रैक्टिस संबंधी नियम पुरातन है और अप्रांसगिक है। इसे तत्काल संशोधित किया जाना चाहिए। वर्तमान आदेश में डॉक्टरों को सिर्फ अपने घर में क्लीनिक चलाने की ही अनुमति दी गई है, जो पूरी तरह अव्यहारिक है। डॉक्टरों ने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## नाराज डॉक्टरों ने प्रबंधन के समक्ष आदेश में तत्काल संशोधन करने की रखी मांग

### कमेटी बनाकर करें विचार

सीनियर और जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा बिना किसी अध्ययन किए बगैर ही आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के जारी होने के पहले सरकार को एक समिति का गठन कर डॉक्टरों से भी रायशुमारी की जानी चाहिए। यदि इस आदेश का पालन किया गया तो गरीब मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ जाएगा।



### ज्ञापन सौंपकर दिया अल्टीमेटम

छत्तीसगढ़ मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने हाल ही में शिक्षा चिकित्सा संचालनालय आयुक्त के नाम से एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें उन्होंने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। एसोसिएशन ने आदेश निरस्त नहीं करने पर नौकरी छोड़ने का भी अल्टीमेटम दिया है।

### कैसे चलाएंगे क्लीनिक

डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्येक क्लीनिक को नर्सिंग होम नियम के तहत नगर निगम से अनुमति प्राप्त करना होता है। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का प्रमाण पत्र चाहिए, जो वर्तमान में स्थापित नई कालोनियों व फ्लैट जैसे घरों और हाउसिंग सोसायटियों में संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप

### बेटे को बिगाड़ने का आरोप,मां ने युवक को पीटा

**खैरागढ़।** बेटे को बिगाड़ने का आरोप लगाते मां ने बेटे के दोस्त के सिर पर डंडा मारा। जानकारी के अनुसार ब्लॉक के पांडादाह राजेंद्र पिता नंदकुमार यदु 35 साल अपने करीबी दोस्त पोषण पटेल के साथ गांव की सरहद में बकरा खाते बैठा था। अचानक वहां पोषण की मां पहुंच गई और उसने अपने बेटे को बिगाड़ने का आरोप लगाते हाथ में रखे डंडे से राजेंद्र के सिर पर वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। घबराए परिजन उसे लेकर सिविल अस्पातल पहुंचे, जहां सिर में बीस टांका लगाना पड़ा।

### 56 भोग अन्नकूट प्रसादी आज

**राजनांदगांव।** ग्राम सिंघोला स्थित बाबा महाकाल मंदिर में कल 4 नवंबर को 56 भोग की अन्नकूट प्रसादी लगाई जाएगी। बाबा महाकाल के भक्त पवन डागा ने बताया कि उज्जैन की तर्ज पर यहां स्थापित बाबा महाकाल मंदिर में दीपावली पश्चात अन्नकूट की परंपरा अनुसार सिंघोला मंदिर में भी 56 भोग अन्नकूट प्रसादी का आयोजन 4 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक रखा गया है। प्रसादी ग्रहण करने की अपील के साथ श्री डागा ने बताया कि ये सभी आमजन के लिए है।

## राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने लंबे समय से चल रहा अभियान

# पांच बार तारीख बढ़ाने के बाद भी 13% की केवाईसी नहीं, अब रूकेगा खाद्य आवंटन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा पांच बार तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी जिले के करीब 13 फीसदी राशन कार्डधारियों ने केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। शासन द्वारा 31 अक्टूबर तक अंतिम बार मोहलत दी गई थी, लेकिन यह आंकड़े सामने आने के बाद अब इन राशन कार्डधारियों के आबंटन को रोकने की तैयारी है। इधर राज्य के खाद्य महकमे ने आगामी 15 नवंबर तक सत्यापन नहीं कराने वाले कार्डधारियों की रिपोर्ट भी मांगी है।

केंद्र सरकार द्वारा पिछले दो साल पहले वन नेशन वन कार्ड लागू किए जाने के बाद राज्य के खाद्य महकमे द्वारा राशन कार्ड केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत खाद्य महकमे द्वारा अभियान चलाकर अभी तक नौ लाख सदस्यों में से सात लाख 80 हजार सदस्यों के सत्यापन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। वहीं करीब 13 फीसदी सदस्यों ने आज पर्यन्त तक अपना केवाईसी नहीं कराया है। राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल के भीतर सत्यापन की प्रक्रिया को पांच बार बढ़ाया गया। राज्य सरकार ने पिछले 31 अक्टूबर तक सत्यापन कराने का अंतिम बार मौका दिया था, लेकिन एक लाख 20 हजार सदस्यों द्वारा अंतिम अवधि में भी प्रक्रिया पूरी नहीं की है।

### खास बातें

- 31 अक्टूबर तक दिया गया था समय
- 12 हजार से अधिक कार्डधारी नहीं करा पाए अब तक कार्ड का नवीनीकरण
- राशन आबंटन रोकने की तैयारी



### 12 हजार ने नहीं कराया नवीनीकरण

राज्य में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद खाद्य विभाग द्वारा शुरू की गई राशन कार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया में 12 हजार कार्डधारियों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। सरकार द्वारा इस प्रक्रिया के लिए भी 31 अक्टूबर तक का समय दिया गया था। जिले के 2 लाख 40 हजार राशन कार्डधारी हैं।

### फिंगर प्रिंट भी कारण

करीब 13 फीसदी लोगों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराए जाने के पीछे बुजुर्ग सदस्यों के फिंगर प्रिंट के नहीं मिलने का कारण भी सामने आ रहा है। बताया जाता है कि कुछ ऐसे भी सदस्य सामने आए हैं। जिसकी जानकारी खाद्य विभाग ने शासन को दी है। वहीं ऐसी आशंका भी जताई जा रही है कि कई लोगों ने बोगस कार्ड बना लिया था।

### आदेश नहीं

राज्य शासन ने ई-केवाईसी के लिए 31 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया था। इसके बाद तिथि बढ़ाने को लेकर सरकार से कोई आदेश नहीं मिला है।

- **रविन्द्र सोनी,** खाद्य अधिकारी

**जिलों से मांगी गई जानकारी:** सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अभी तारीखें नहीं बढ़ाई गई है। वहीं अब खाद्य के आबंटन को रोकने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि राज्य के खाद्य महकमे ने सभी जिलों से 15 नवंबर तक केवाईसी नहीं कराने वाले कार्डधारियों की रिपोर्ट मांगी है। ऐसा माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद राज्य शासन द्वारा ऐसे कार्डधारियों के खाद्य आबंटन को रोक दिया जाएगा।

## प्रस्ताव पास होने के बाद ही खुलेगी दुकान

# गौरव ग्राम में शराब दुकान खोलने का विरोध, पांच को ग्रामसभा, फिर होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला आबकारी विभाग ने राजनांदगांव जिले के घुमका क्षेत्र में एक नई सरकारी शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव की जानकारी सामने आते ही अब इसका विरोध भी शुरू हो गया है। बताया गया कि करीबन एक दशक पहले घुमका को शहीदों के सम्मान में गौरव ग्राम घोषित किया गया था। जिसके कारण वहां स्थित शराब दुकान को बंद किया गया था।



ऐसे में गौरव ग्राम में दोबारा शराब दुकान खोलने की तैयारी को लेकर विरोध होने लगा है। हालांकि बताया गया कि ग्रामीणों की एक ग्रामसभा कल पांच नवंबर को आयोजित की गई है। जिसके निर्णय अनुसार ही शराब दुकान खोलने पर फैसला किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले में कई शराब दुकानों का स्थान परिवर्तन हुआ है। इसके साथ नई दुकानें भी खोली जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग ने एक शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव घुमका के लिए भी तैयार किया है। जबकि इससे पहले भी कई दफा घुमका में किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा आवाज उठाई जा चुकी है।

### ग्रामसभा में होगा निर्णय

आबकारी विभाग द्वारा घुमका सरपंच को पत्र लिखकर शराब दुकान खोले जाने के लिए एक ग्रामसभा का आयोजन करने कहा गया था। ग्रामसभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद ही विभाग उसे शासन को भेजेगा। ऐसे में अब घुमका सरपंच ने भी कल पांच नवंबर को एक ग्रामसभा का आयोजन किया है। इस ग्रामसभा के निर्णय अनुसार ही शराब दुकान पर फैसला हो पाएगा।

### बंद की थी शराब दुकान

मिली जानकारी के अनुसार घुमका के निवासी रहे चिंताराम द्विवेदी और बेनीप्रसाद दुबे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिनकी याद में तत्कालीन सरकार द्वारा घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया था। यही कारण था कि गांव में स्थित शराब दुकान को उस दौरान बंद कर दिया गया था। ऐसे में एक दशक बाद पुनः घुमका में शराब दुकान खोले जाने की तैयारी का विरोध भी देखने को मिल रहा है।

# तेज रफ्तार कार ने मोटर साइकिल को मारी पीछे से ठोकर, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गोवर्धन पूजा के दिन देर शाम नए बस स्टैंड मेन रोड में हुए हादसे से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जानकारी अनुसार अंबेडकर चौक के पास मेन रोड में मोटर साइकिल सवार दो युवकों को कार क्रमांक सीजी-04-पी-9373 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे अशोक नगर गुढियारी रायपुर निवासी सूरज पिता उमेश राऊत 34 साल की अस्पताल में इलाज के दौरान ही मौत हो गई। जबकि दूसरा सवार मुड़भादुर मुकेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार बाद उसे रिफर कर दिया गया है।

घटना के समय मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक अत्याधिक शराब का सेवन किए हुए था और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। अंबेडकर चौक के पास उसने टिकरापारा वार्ड स्थित घर से दुकान जाते मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

घटना बाद सड़क पर फैले लहू को देखकर भड़की भीड़ ने कार चालक की जमकर कुटाई की। वहीं उसके साथ बैठे युवक को भी थाना लेकर गई, जहां पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पता चला है कि पुराना बस स्टैंड में टू रॉ-रेडिमेड कपड़ा दुकान संचालक दोस्त से मिलने सूरज राऊत आया हुआ था और घटना के समय मुकेश साहू के साथ दुकान आ रहा था। सुबह पीएम बाद सूरज का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**राजनांदगांव।** मोपेड सवार युवक को एक वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर नवागांव रोड में मोपेड में सवार होकर जा रहे युवकों को एक वाहन ने ठोकर मार दिया। बताया जाता है कि इस ठोकर से मोपेड में सवार युवक अनीष चंद्रिकापुरे उम्र लगभग 22 वर्ष बीड़ी श्रमिक कालोनी निवासी को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। दोपहर लगभग सवा चार बजे हुए इस घटना की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया जा रहा है कि उक्त मोपेड में दो अन्य युवक भी सवार थे। फिलहाल चौकी चिखली पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही शहर के नगर निगम के सामने एक सड़क हादसा हुआ था। जिसमें स्टेशनपारा क्षेत्र के दो युवा बाइक में सवार होकर शहर की ओर आ रहे थे। जिनकी वाहन अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई थी और मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई थी। उक्त घटना को लोग भूल नहीं पाए थे कि आज फिर सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई।

# शुष्क हवाओं के आगमन से चढ़ा तापमान 34 डिग्री के साथ सबसे गर्म राजनांदगांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवंबर महीने की शुरूआत होने के बाद भी अब तक ठंड का एहसास शुरू नहीं हो पाया है। प्रदेश में शुष्क हवाओं के आगमन की वजह से अंचल में भी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को 34 डिग्री तापमान के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं आने वाले पांच दिनों में तापमान नीचे आने की संभावना भी नहीं है। ऐसे में कुछ और दिन लोगों को उमस से हलाकान होना पड़ेगा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में बारिश की गतिविधि में नवंबर के महीने में सामान्य से कम रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी प्रदेश में सामान्य से कम रहने की संभावना है। वहीं प्रदेश में शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। तापमान 32 से 34 डिग्री के मध्य ही बना रहेगा।



### वायरल के मरीज बढ़े


मौसम में उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर भी देखने को मिल रहा है। बच्चों, बुजुर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि वायरल को ठीक होने में भी 3 से 5 दिन का समय लग रहा है। निजी क्लीनिक के साथ ही सरकारी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

### तूफान ने रोकी ठंड, अब बढ़ेगी

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब तक ठंड की शुरूआत हो जानी चाहिए थी, लेकिन बीते दिनों ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान दाना के कारण सर्दी शुरू होने में देरी देखने को मिल रही है। चक्रवाती तूफान के कारण ठंडी हवाओं का उत्तर भारत में प्रवेश रूक गया है। इस कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं हुई है। हालांकि जल्द ही तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा।

**0 राजनांदगांव।** दीपावली पर्व के बाद शहर सहित ग्रामीण अंचल में अधिकांश दुकानें बंद रही। कल सोमवार से त्यौहार की खुमारी उतरने के बाद चहल-पहल बढ़ेगी।

## माए एंगल




## गांव-गांव में होंगे मंडई के आयोजन, मातर पर्व का दिखा उत्साह

# काली माई की पूजा-अर्चना के साथ मंडई-मेला का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पंच पर्व के साथ ही अब मंडई-मेला का दौर अंचल में शुरू हो गया है। शहर के काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ मंडई का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारी, शहरी एवं ग्रामीणों की अच्छी खासी उपस्थिति रही। लोगों ने देर शाम तक मंडई का लुत्फ उठाया।

ज्ञात हो कि दिवाली पंच पर्व मनाने के बाद से ही लोगों को मंडई-मेला का इंतजार रहता है। जिले में सबसे पहले शहर के काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड में मंडई मेला का आयोजन किया जाता है। इसके बाद ही गांव-गांव में मंडई मेले का दौर बना रहता है।

**पूजा-अर्चना के साथ मेला शुरू :** काली माई मंदिर में रविवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ध्वज पताका मंडई की पूजा-अर्चना की गई। लोगों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही मेला का माहौल शुरू हुआ। इस दौरान शहरी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से यहां व्यवसायी पहुंचकर अपनी-अपनी दुकानें सजाए हुए थे। सब्जी-भाजी से लेकर अन्य आवश्यक सामग्रियों की पारंपरिक दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोगों ने खरीदी भी की एवं मेला घूमकर लुत्फ उठाया। खासकर गन्ने की मांग लोगों के बीच सर्वाधिक रही।





### गांवों में भी होंगे मेलों का आयोजन

*पुराना बस स्टैंड में आज मंडई होने के बाद अब लगातार ग्रामीण इलाकों में मंडई-मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी श्रृंखला बनी रहेगी। गांव-गांव में मंडई-मेले का आनंद उठाने लोग अपने रिश्तेदारों व परिचितों के यहां पहुंचना शुरू करेंगे। कई स्थानों पर दिवाली बाद मातर-मंडई इत्यादी का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें घूम-घूमकर बाजार मंडई में व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों का भी दुकान लगाने की व्यस्तता रहेगी।*

### झूलों का आनंद

इधर मेला स्थल पर बच्चों सहित बड़ों के पारंपरिक झूलों की दुकानें भी सजी हुई थी। जिसमें बच्चों से लेकर बड़े तक ने झूला झूल कर मेला का आनंद उठाया। ठेले-खोमचे वालों के यहां मनपसंद नाश्ता करने भी लोगों को व्यस्त देखा गया। दोपहर से शुरू हुआ मंडई मेला का दौर देर शाम तक जारी रहा। जिसके चलते पुराना बस स्टैंड एवं आसपास के मार्गों में लोगों की काफी चहल-पहल रही। मेला के दौरान पारंपरिक गीतों की गूंज भी बनी रही। मेला में व्यवसायियों सहित यहां पहुंचे लोगों में उत्साह का वातावरण बना रहा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| न्यूरोलॉजी विभाग | हृदय रोग विभाग |
|---|---|
| डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी<br>MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh) | Dr. Zahid Khan<br>MBBS, MD,<br>DM Cardiologist |
| • सिर दर्द (माईग्रेन)<br>• मिर्गी<br>• लकवा<br>• ब्रेन ट्यूमर<br>• ब्रेन हेमरेज<br>• साइटिका (कमर दर्द) | • एंजियोग्राफी<br>• एंजियोप्लास्टी<br>• पेसमेकर<br>24x7 DM<br>कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## खबर संक्षेप



### बारिश से फसल प्रभावित

**मुरमुंदा।** बेमौसम बारिश होने से धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को अचानक बारिश हुई जिससे खेतों में पानीभर गया। इन दिनों धान की फसल पूरी तरह फसल पक गई है। बारिश होने से हारूना किस्म की धान को ज्यादा नुकसान होने की सँभावना है। बारिश के बाद से फसल की कटाई थम गई है। तेज हवा के कारण कुछ खेतों की फसल जमीन पर लेट गई जिसके सड़ने की आशंका है।

### खामतराई मंडई 6 को

**जेवरतला रोड।** आगामी 6 नवम्बर को खामतराई में मड़ई मेला और दिवाली मिलन का कार्यक्रम ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिये दुर्गे बंजारी नाच पार्टी का मंचन होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हिरमन साहू ने दिया।

### नल से नहीं आता पानी



**मुरमुंदा।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना का छोटे मुड़पार एवं बड़े मुड़पार में हाल बेहाल है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह नल खुलते ही लोग टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचते हैं जिससे अन्य घरों तक पानी पहुंच नहीं पाता और अन्य को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मेढ़ा मंडई आज

**मेढ़ा।** डोंगरगढ़ अंचल की पहली मंडई के नाम से व दिवाली के बाद आने वाले सोमवार को मेला- मंडई की परम्परा को कायम रखते हुए इस वर्ष 4 नम्बर को मेढ़ा में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ फिल्म गायक सुनील सोनी का रंगारंग कार्यक्रम सुनील नाइट्स अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देगी। ग्राम के सरपंच रोहित मंडावी, पटेल ओंकार यादव व पंचों ने अंचल के लोगों से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में आकर मेला का लुफ्त उठाएं।

### मातर देखने उमड़ी लोगों की भीड़, राजा गौरा का हुआ विवाह

# बिखरी चहुंओर दीपों की रौशनी, रही आतिशबाजी की गूंज, लोगों में दिवाली का दिखा जमकर उत्साह







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर और अंचल में दीवाली शांति एवं प्राचीन परंपरा के अनुसार मनाया गया। लक्ष्मी पूजन कर लोगों ने एक दूसरों को बधाई दिया। मिठाई बांटकर आतिशबाजी किया। पूजा के पहले महिलाओं ने अपने घर के आंगन को रंगोली से सजाया। दीवाली के दूसरे दिन गौरा गौरी निकाला गया। गौरा गौरी की पूजा के बाद विसर्जन महावीर तालाब में किया गया। दीवाली के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन के लोगों ने एक दूसरे को घर जाकर दिवाली की बधाई दी। पर्व की कड़ी में गोवर्धन पूजा भी राउत नाचा के साथ श्रद्धा के साथ किया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित अन्य ने नागरिकों से मुलाकात कर बधाई दिया।

दीवाली के मौके पर शहर में आकर्षक रंगोली बनाया गया था। लोगों ने भ्रमण कर रंगोली का अवलोकन किया। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के घर के सामने बनी रंगोली को देखने लोगों की भीड़ लगी रही।

ग्राम पंचायत तिलई और डंगनिया में आयोजित लक्ष्मी पूजा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने ग्रामवासियों को दीवाली और गोवर्धन पूजा की बधाई दी। इस मौके पर संतोष देवांगन, डीलेश पारधी, गौतम सेन, मिथलेश आदि मौजूद थे।

**कलकसा।** ग्राम कलकसा में गोंड समाज ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ईशर राजा गौरा माता का विवाह धूमधाम से किया। सामाजिक परम्परा के अनुसार एक सप्ताह पूर्व गौरा चौरा में गौरा जगाने की प्रक्रिया किया जाता है। रात में मुर्गी के अंडे को मूसर से दबाया जाता है और फिर चावल, फूल, बेर के कांटे से ढका जाता है।

देवारी तिहार के एक दिन पूर्व गोंडी धर्म के अनुसार ईशर राजा गौरा माता की गौरा माटी लाकर रात्रि में विवाह किया जाता है। वही माटी को मंडावी गोत्र व नेताम गोत्र के परिवार से तैयार किया गया।रात्रि में बाजे गाजे के साथ बारात परघाया गया जिसमें ग्रामीण शामिल हुए और गौरा चौरा में स्थापित किया गया। गोंड समाज की महिलाओं ने गीत गाकर ईशर राजा को समर्पित किया। गौरा चौरा को लाइटिंग से सजाया गया था। सुबह ग्रामीणों ने नाचते गाते शोभायात्रा निकाला और तालाब में विसर्जित किया। इस मौके पर नरोत्तम कुंजाम, बरमा मंडावी, किशोर नेताम, तामेश्वर मंडावी ,बिसेसर नेताम , नम्मू मंडावी, पंचम नेताम, मिनेश कुंजाम, दयाराम, सरपंच अशोकदास साहू, सुकाल, शैलेन्द, दिलेश्वर, मनोज, रामचंद ,चिंटू, तारेन आदि मौजूद थे।



### पांच दिनों तक पर्व की धूम

**पटेवा।** ग्राम में दीवाली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय पर्व के तहत धनतेरस को ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर 13 दीपक जलाया। दूसरे दिन नरक चतुर्दशी को यम देवता की 14 दीपक से पूजा अर्चना किया गया। दीपावली के दिन घरों एवं देवालयों को दीपों एवं लाइटों से सजाया गया। मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। आजाद चौक में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया गया। इसर देव गोरी गौरा को पूजा के बाद बाजे गाजे के साथ बांधा तालाब में विसर्जित किया गया। दीवाली के दूसरे दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा किया गया। इस दौरान पशुधन को खिचड़ी खिलाया गया। राऊत लोगों ने गायो को सोहाई बांधा। ग्राम में मंडई निकाल कर राऊत नृत्य के साथ सांहडा देव में गोवर्धन पूजा की गई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी किया गया।

### मातर का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** नगर में यादव समाज ने मातर का आयोजन किया। पर्व के मौके पर पशुधन की पूजा किया गया। स्थानीय तालाब के पास और दैहान चौक में आयोजित मातर के मौके पर यादव समाज के लोगों ने गायों की पूजा पाठ कर सोहाई बांधा। गौठान में पारंपरिक परिधान पहनकर उत्सव मनाया गया। गोवंश को सोहाई और दुहर की माला पहनाया गया। नए अनाज से गौमाता के लिए खिचड़ी बनाया गया।

### बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक

नगर में उत्साह के साथ भाई दूज का पर्व मनाया गया। भाई दूज के मौके पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया और भाइयों के सुखद जीवन के लिए प्रार्थना किया।

## डोड़की में नंदी की प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोगरगढ़

ग्राम डोड़की में सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे, युवा संगठन एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में नंदी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से किया गया। नंदी मूर्ति लगाने की जरूरत काफी समय से महसूस किया जा रहा था। सरपंच के प्रयासो से प्रतिमा लगाकर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कार्यक्रम के बाद गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी छिपा का कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे, ग्राम प्रमुख ईश्वर लाल वर्मा, तेजलाल वर्मा, यशवंत वर्मा, दिलीप वर्मा, जीवनलाल वर्मा, सुनील वर्मा, सुरेश वर्मा आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## पंचायत का दर्जा नहीं, चुनाव बहिष्कार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोगरगांव

ग्राम सुखरी के ग्रामीण विगत 10 सालों से ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग करते आ रहे हैं किन्तु उनकी मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी हैं। प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण व्यवहार से नाराज होकर ग्रामीणों ने आगामी पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उपसरपंच हरिराम, राधेलाल, नूतन साहू, प्रशांत, झनक, बेदराम, मनीराम, टीकमलला साहू, कीर्तनलाल साहू, नकुल निर्मलकर, दिलीप निषाद, मालतीबाई, ललिता, कमलेश, कमल किशोर, गोपाल साहू, संतोष साहू आदि ने बताया कि प्रशासन ने छोटे और कम जनसंख्या वाले ग्रामों को पंचायत बना दिया है किन्तु सुखरी के ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग करने के बाद भी अनदेखी किया जा रहा है। ग्राम को पंचायत का दर्जा नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने अब आगामी सभी चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ग्रामीणों ने गांव के विकास की संभावना को देखते हुए पंचायत का दर्जा देने की मांग की है।

## दशहरा मैदान में राज्योत्सव 5 को

**मोहला।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 5 नवंबर को जिला मुख्यालय में राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान किया गया है। जिला स्तरीय राज्योत्सव के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत होंगे। विधायक श्री मूणत सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्योत्सव में शामिल होंगे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## मुनिसंघ का नगर में मंगल प्रवेश

**डोंगरगांव।** जैन आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य मुनि श्री 108 आगम सागर, पुनीत सागर एवं ऐलक धैर्य सागर का नगर में मंगल प्रवेश रविवार को सुबह हुआ। मुनि संघ शनिवार को राजनांदगाव से विहार कर नगर पहुंचा है।

मुनि संघ के घोरदा से रविवार को विहार कर नगर पहुंचने पर जैन समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने बड़ी संख्या में विद्युत मंडल कार्यालय के पास अगवानी किया। शोभायात्रा के साथ मुनि संघ ने सबसे पहले दिगंबर जैन मंदिर पहुंच कर भगवान अजित नाथ जिनकी प्राण प्रतिष्ठा सात साल पहले 2017 में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में हुई थी। के दर्शन किए। अगवानी के दौरान जैन समाज के संरक्षक देशराज जैन, अध्यक्ष सतीश जैन, दिनेश गांधी, राजश्री जैन, सरिता जैन, प्रबोध, धर्मेन्द्र, मंजू जैन, राजकुमारी जैन, अंकित, प्रफुल्ल, राकेश, रचना जैन, नीलम जैन, राजेश , राहुल, बीरेन्द्र, मुनमुन, खुशी, निक्की, अभिषेक, उज्ज्वल, श्रेष्ठा, आलोक, चहक, महक, पिंटू, टुकटुक, नमन, बिट्टू, अशोक आदि मौजूद थे।



### गुरु के बाद शिष्य का आगमन

सात साल पहले 4 नवंबर 2017 को जैन आचार्य विद्यासागर महाराज ने रामटेक से विहार कर नगर में मंगल प्रवेश किया था। आचार्यश्री सहित 29 अन्य मुनियों की मौजूदगी में 9 से 15 नवंबर तक संयम स्वर्ण वर्ष का पहला पंच कल्याणक महोत्सव संपन्न हुआ था। इस भव्य आयोजन की यादों को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए जैन समाज द्वारा हर साल सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया जाता हैं। इस साल यह आयोजन 7 से 15 नवंबर तक रखा गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410090100015**

विषय : अ-21 (4) मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2024-2025
टप्पा (प. ह. न. 00006)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - श्री महेश जैन
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री महेश जैन, निवासी राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है, कि श्री कुशालचंद जैन, टीकमचंद जैन व धन्नीबाई सभी के पिता जेठमल जैन के नाम एवं स्वामित्व में ग्राम टप्पा, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. तुमडीबोड़ तहसील व जिला राजनांदगांव में खसरा नं. 95/2 रकबा 0.3040 हे. शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि स्थित है। जिसे उनके पिता कुशालचंद आ. स्व. जेठमल द्वारा अपने जीवनकाल में अपने पुत्र मनोज जैन, महेश जैन एवं मुकेश जैन के नाम से वसीयत कर दी गई थी। पिता की मृत्यु दिनांक 19.01.2020 को हो जाना बताया गया है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7) ख के तहत उक्त वसीयतशुदा भूमि को फौती नामांतरण हेतु अनुमति प्रदान करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 08.11.2024 के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा/ आपत्ति को स्वंय/ अधिवक्ता/ आमुख्तयार के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
Abdul Vashim Siddiqui
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगांव (छ.ग.)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
● स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस ● Back Pain, सायटिका ● जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
● जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना ● टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी ● सर दर्द, पॅरालिसीस ● स्पांडिलाइटिस ● गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची के संबंध में वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को जिले के सभी 805 मतदान केन्द्रों में किया गया है, जहां सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकेंगे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के तहत विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन, स्थानांतरण के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया के 394 एवं 72-कवर्धा के 411 कुल 805 मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किए गए है। वे कार्यालयीन समय में सभी प्रकार के फार्म सहित मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से निर्धारित कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। जिसके तहत कार्य किया जाएगा।

**कार्यक्रम:** ग्राम राम्हेपुर कला में विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी सरकार मंदिर का किया गया भूमिपूजन

# पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालाजी सरकार मंदिर की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम राम्हेपुर में बालाजी सरकार के भव्य मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम से पहले, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के नागरिकों ने पुलिस लाइन हेलीपैड में भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने अपने आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से अभिवादन किया। भूमिपूजन के बाद, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और इस भूमि के प्रति हम सभी ऋणी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह पहली बार रायपुर आए थे, तो यहीं से उन्हें क्रांतिमई विचार मिला था। यह स्थल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को संजोएं और इसे आगे बढ़ाएं। पंडित महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल एक भौगोलिक स्थल है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएगा। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह में गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।इस अवसर पर उन्होने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री शर्मा ने नक्सलियों के खात्मे के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के गढ़ में जाकर लोगों व उस क्षेत्र का विकास किया है। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा छत्तीसगढ़ के वासियों के प्रति एक कर्जा है जब मैं यहां पहली बार आया था तो हमने हिन्दू राष्ट्र बनाने को लेकर आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने के लिए हम से 21 से 29 नवम्बर तक गांव-गांव की करीब 160 किलो मीटर की पदयात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान पिछड़े और बिछड़ों को जोड़ेंगे उन्हें गले लगाएंगे और हिन्दुओं को जगाएंगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि ऐसी ही एक पदयात्रा छत्तीसगढ़ में भी की जाएगी। वहीं उन्होने कहा कि मैं हर साल एक बार राम्हेपुर आता रहुंगा।





### शहर में रही भारी सुरक्षा व्यवस्था

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के कवर्धा आगमन को लेकर आयोजकों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा खासी तैयारियां की गई थी। मुख्य आयोजन व प्रवचन स्थल पीजी कॉलेज मैदान तक पहुंच मार्ग चिन्हांकित किए गए थे। इसके अलावा समूचे शहर में दर्जन भर से अधिक पार्किंग स्थल बनाए गए थे। शहर के सभी मुख्य मार्गों से लेकर चौक चौराहों में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। लेकिन पीजी कॉलेज मैदान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का पूर्व निर्धारित प्रवचन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

# मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है: धीरेन्द्र शास्त्री महाराज

## महाकुंभ में गैर सनातनियों को दुकान आवंटन नहीं किए जाने की मांग सही



■ पत्रकारों से रूबरू हुए पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रवचन सहित ग्राम राम्हेपुर कला में बागेश्वरधाम मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे श्री बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने मीडिया से रूबरू होते हुए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष द्वारा महाकुंभ में विशेष समुदाय के लोगों को दुकान आबंटित किए जाने के विरोध का समर्थन किया है।

उन्होने कहा कि यह बहुत अच्छी मांग है। जिन्हे सनातन संस्कृति की जानकारी हो, पूजा पद्धति की जानकारी हो, पूजा सामग्री की शुद्धता की जानकारी हो उन्हीं लोगों को पूजन सामग्री के विक्रय का काम दिया जाना ज्यादा अच्छा है। जिन्हें इसके विषय में कोई जानकारी नहीं है उन्हे ये काम नहीं देना चाहिए।

पूर्व में थूक कांड, पेशाब कांड सामने आ चुके हैं। श्री शास्त्री ने कहा कि कुछ षणयंत्रकारी हैं जो सनांतन धर्म का विनाश करना चाहते हैं इसलिए महाकुंभ में गैर सनातनियों का प्रवेश वर्जित कर देना चाहिए। उन्होने कहा कि और फिर मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है? महाकुंभ स्थल में त्रिवेणी है, संगम है, संतो का दर्शन है।

जिनका संतो के दर्शन, प्रवचन, भगवान राम, सनातन धर्म से कुछ लेना देना ही नहीं है उनका महाकुंभ में क्या काम है। श्री बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने कहा कि लोगों को अंधविश्वास से दूर कर भगवान हनुमान से जोड़ने के लिए कवर्धा जिले के ग्राम राम्हेपुर कला में श्री बागेश्वरधाम सरकार के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। ताकि छत्तीसगढ़ राज्य की उन्नति हो सके, सनातन धर्म मजबूत हो सके लोगों को जोड़ा जा सके। शास्त्री महाराज ने बंटोगे को कटोगे के सवाल पर कहा कि यह बिलकुल सही है। 40 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में 3 करोड़ की जनसंख्या वाले देश के 300 अग्रेजों ने आकर फूट डालो राज करो की नीति अपनाकर वर्षो तक राज किया। अगर उस समय हमने एकता दिखाई होती तो हमारा देश गुलाम नहीं बनता। उन्होने कहा कि अगर फिर से गुलाम बनना हैं तो बंट जाओ और बदशाह बनना है तो बंटो नहीं, एक हो जाओ। पिछले दिनो अपने ऊपर हुए हमले पर उन्होने कहा कि कुछ षणयंत्रकारी और धर्म विरोधी लोगों ने कोशिश की थी लेकिन ऐसे लोगों से हम डरते नहीं है।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ कबीरधाम की टीम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान टीम ने उन्हें संगठन की विभिन्न स्काउटिंग गतिविधियों से अवगत कराया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर, पवन जायसवाल, जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी, भगवती हठीले एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके साथ राज्य मीडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह ठाकुर, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, सीनियर रोवर समीर खान, भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के रोवर्स रेंजर्स ने भी विधानसभा अध्यक्ष को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सभी सदस्यों ने स्काउटिंग गतिविधियों के माध्यम से समाज में हो रहे सकारात्मक योगदान के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे ये गतिविधियां युवाओं को समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती हैं। साथ ही, उन्होंने स्काउट्स के माध्यम से समाज में संस्कार, अनुशासन एवं सेवा भाव के प्रसार में हो रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए स्काउट्स की गतिविधियों को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने टीम को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



# भाईदूज खाने भाई पहुंचे बहनों के द्वार धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली त्यौहार तीसरे दिन रविवार को परम्परानुसार भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व विशेष पर बहनो ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका मुंह मिठा किया। इस अवसर पर भाई-बहनो का प्यार व उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में दिन भर चहल कदमी देखने को मिली। दूर-दराज रहने वाली बहनो के भाईयों ने उनके ससुराल पहुंचकर तिलक लगवाया और अपनी बहनो को उपहार दिया।भाई-दूज के अवसर पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की तथा परिजनों की सुख समृद्घि हेतु कामना की। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ भाईदूज का पर्व मनाया गया। बहनों ने कई प्रकार के पकवान बनाए। भाईयों की आरती कर माथे पर तिलक लगाकर सुख समृद्घि की कामना की। भाईयों ने बहनों की रक्षा के संकल्प लिए। बहनों ने भाईयों को स्वादिष्टं भोजन व पकवान खिलाए। आज दिनभर सभी वर्ग के लोग भाईदूज की खुशियां मनाते रहे। ये खुशियां खासतौर पर बच्चों में अधिक देखी गई। बच्चे नए-नए वस्त्र पहनकर इस पर्व का आनंद लेते रहे। इस पर्व के संबंध में जानकारों के मुताबिक समूचे भारत देश में यह पर्व राखी की तरह मनाया जाता है। इस पर्व के संबंध में मान्यता है कि, भगवान सूर्य के पुत्र यमराज व पुत्री यमी अर्थात यमुना है। बहन यमुना ने इसी दिन अपने यमराज को निमंत्रित कर अपने हांथों से स्वादिष्टं भोजन तैयार कर उन्हें तृप्त किया था। जिससे प्रसन्न होकर यम ने बहन को वरदान मांगने को कहा। इस पर बहन यमुना ने अपने भाई यमराज से वर के रूप में सभी बहनों के भाईयों की खुशहाली मांगी। तब से आज तक राखी पर्व की तरह भाईदूज पर्व पर बहनें भाईयों की आरती उतारकर माथे पर तिलक लगाती है तथा ईश्वर से अपने भाई की दीर्घायु की कामना करती है। आज यम द्वितीया के पावन पर्व पर व्यापारी तथा वर्ग विशेष के द्वारा कलम दवात तथा भगवान चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।



## अंचल में इस बार भी सिंघाड़े की शानदार पैदावार

**कवर्धा।** जिले में इस बार सिंघाड़ा की अच्छी पैदावार से बाजार में खासी आवक बनी हुई है। अपने अलग थलग स्वाद के लिए मशहूर सिंघाड़ा लोगो द्वारा खूब खरीदा जा रहा है। इन दिनों बाजार में पका हुआ सिंघाड़ा 10 रूपए में 10 नग के भाव से उपलब्ध है। ज्ञात हो कि क्षेत्र मे मौसमी फल सिंघाड़ा का उत्पादन भारी मात्रा में दर्ज किया जाता रहा है। तालाब के तलहटी पर उगने वाले इस फल को खाने के लिए कई तरीकों से इस्तेमाल में लाया जाता है। सूखे हुए सिंघाड़े से पारंपरिक सिंघाड़े की मिठाई तैयार की जाती है। इसके लिए तालाब की तलहटी में उगे हरे सिंघाड़ो को निकालकर छाव में कुछ दिनों तक सूखाया जाता है। सिंघाड़े के छिलके की परत का सूखा होना पुक्ता होने के बाद इसे धूप में सुखा दिया जाता है। पूरी तरह सूख चुके सिंघाड़े को छिलका निकालकर पीसकर सिंघाड़ा मिठाई बनाने के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है। सिंघाड़े की मिठाई का प्रयोग मुख्यतः उपवास आदि के लिए किया जाता है। इधर उबले हुए सिंघाड़े की बात की जाए तो काफी मशक्कत के बाद इसे तैयार किया जाता है। सर्व प्रथम तालाब के नीचे उगे परिपक्व हरे सिंघाड़ों को निकाला जाता है। हल्का सूख जाने के बाद सिंघाड़े को एक निश्चित तापमान पर उबाला जाता है। यह उबला हुआ सिंघाड़ा ही बाजार पर दिखाई देता है। उबले हुए सिंघाड़े को बेचने से पहले दुकानदार उसे खाने लायक बनाने के लिए उसके दोनो छोर को काट देते है। बताया जाता है कि क्षेत्र में सिंघाड़े की पैदावार काफी मात्रा में होती है। क्षेत्र में सिघाड़े की पैदावार को देखते हुए सिंघाड़ा संबंधित उत्पाद वाले कुटीर उद्योग के संचालक बड़ी संख्या में क्षेत्र पर निर्भर होते है।

# राजा खड्गराज सिंह ने समाज को दी दान में जमीन

## पटेल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



■ समाज ने जताया राजा खड्गराज के प्रति आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

विकासखण्ड स. लोहारा के प्रथम ग्राम पंचायत, ग्राम बांधाटोला के निवासी ग्रामीणों की मांग पर राजा खड्गराज सिंह ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जमीन दान की है। इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का राजा साहब ने गांव पहुंचकर भूमिपूजन भी किया और नगद एक लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए भी दिए। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम बांधाटोला सहसपुर लोहारा नगर पंचायत से लगा हुआ एक ग्राम पंचायत है। ग्राम के पटेल समाज के पास एक भी सामुदायिक भवन ना होने के कारण विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, समाज और ग्रामवासियों की इस समस्या का कोई निराकरण ना होने के कारण गांव के ही कुछ बुजुर्गों ने सामुदायिक भवन के अभाव से होने वाली समस्यों से राजा साहब हो अवगत कराया था। जिसे देखते हुए राजा साहब ने तत्काल वहां जमीन दान कर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी कर दिया और भवन निर्माण के लिए नगद एक लाख रूपए देने की घोषणा भी कर दी। भूमिपूजन में बड़ी संख्या में उपस्थित पटेल समाज, ग्रामवासियों ने राजा साहब का आभार व्यक्त किया और राजा की जय जैसे नारे भी लगाए। ऐसा पहली बार नही है कि राज परिवार ने जमीन दान में दी है, जनसमस्या के निवारण के लिए सहसपुर लोहारा राज परिवार हमेशा से जमीन दान में देते आए हैं। राजा खड्गराज सिंह द्वारा समाज कल्याण के लिए 20 डिसमिल जमीन आदिवासी समाज को लोहारा में, 20 डिसमिल जमीन बोड़ला में और नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए पटेल समाज के भवन को अतिरिक्त जमीन देकर छोटे भवन को बड़ा बनाने में अपना सहयोग दिया है।

### ग्राम बांधाटोला के ग्रामीणों ने जताया आभार

वर्षो की समस्या हल होता देख ग्रामवासियों का अपने राजा के लिए स्नेह भूमिपूजन कार्यक्रम में देखने को मिला। जहां ग्रामवासियों ने राजा की जय जैसे नारे खूब लगाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों का जमावड़ा रहा जिन्होंने इस नेक कार्य को खूब सराहा।

### हमेशा खुले हैं महल के दरवाजे: राजा साहब

एक तरह जहां ग्रामीणों ने राजा साहब को धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे राजा साहब ने सभा को संबोधित कर कहा कि आप सब हमारे परिवार हैं, लोहारा में रहने वाले सभी समाज हमारे परिवार हैं और तमाम सहसपुर लोहारा क्षेत्र के वासियों के लिए हमारे राजमहल के दरवाजे हमेशा खुले हैं और खुले रहेंगे। किसी को कोई भी समस्या है वो महल आकर अपनी समस्यों से अवगत करा सकते हैं, जिसका यथोचित निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा।

**दोषियों के खिलाफ होनी चाहिए सख्त और कठोर कार्रवाई : भावना बोहरा**

# दामाखेड़ा में कबीर पंथ के आश्रम में हुआ हमले की साजिश निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार सभी धर्मों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे व प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।



## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारी रजनी का आज नांदगांव आगमन



**राजनांदगांव।** ब्रह्माकुमारीज की जापान एवं फिलीपींस की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रजनी बहन का कल 4 नवंबर को शाम 6 बजे राजनांदगांव आगमन हो रहा है। उनके सम्मान में गोकुल नगर के आगे बिजली सब स्टेशन के पास ज्ञान मान सरोवर में कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी स्थानीय सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत आग से एक जनहानि होने और नदी के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4-4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

### कुलपति ने राष्ट्रपति का किया स्वागत

**खैरागढ़।** आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दुर्ग संभागायुक्त व इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। 26 अक्टूबर को आईआईटी भिलाई में तीसरे और चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जहां शामिल होने राष्ट्रपति फ्लाइट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंची, जहां राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित दुर्ग संभागायुक्त ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। समारोह को संबोधित करते उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की सीख लेने की जरूरत है। आदिवासी भाई-बहनों की सक्रिय भागीदारी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ की धरती आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है। जनजातीय समाज के लोग प्रकृति को करीब से समझते हैं और सदियों से पर्यावरण के साथ समन्वय बनाकर जीवनयापन कर रहे हैं।

### दो वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के तहत दो वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात किया है। न्यायालय जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवलदारपुरा माना मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद कासिम स्वामित्व के वाहन अशोक लिलैंड क्रमांक एमएच 30 बीडी 4616 एवं मोहम्मद सोएब के स्वामित्व के वाहन पिकअप क्रमांक एमएच-18-एए-3481 को राजसात किया गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर पर राजसात की कार्रवाई की गई है। नियमानुसार वाहन का आटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई की जाएगी और प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने किया गिरफ्तार

# मां के साथ मारपीट से नाराज बेटों ने कर दी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

घरेलू विवाद पर पिता द्वारा मां से मारपीट करने पर आक्रोशित बेटों ने एक राय होकर पिता की हत्या कर दी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सरस्वती ढाले पति हेमंसग ढाले 40 साल निवासी कुडुमपारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 2 नवंबर को हेमसिंह ढाले दोपहर 2 बजे घरेलू बात एवं बैल कहां से लाई हो कहकर, लड़ाई-झगड़ा कर हाथ-मुक्का से मारपीट किया, तब प्रार्थिया का छोटा लड़का संजय ढाले बीच-बचाव किया। लड़ाई-झगड़ा कर हेमसिंह रेंगाकठेरा की ओर चला गया। करीबन साढे 6 बजे शाम को प्रार्थिया का बड़ा लड़का अभिषेक घर आया, तो मारपीट की बात बताई।



### दोनों आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान एवं थाना प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कुडुम जाकर आरोपी के घर को घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक ढाले पिता हेमसिंह ढाले 22 साल एवं संजय ढाले पिता हेमसिंह ढाले 19 साल दोनों निवासी रेंगाकठेरा कुडुमपारा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### लोहे का पाईप एवं राड से की मारपीट

पुलिस के अनुसार इस बात को लेकर आवेश में आकर घर में रखे लोहे के पाईप एवं लोहे के धारदार राड़ लेकर घर से निकले और अपने पिता हेमसिंह को रेंगाकठेरा से कुडुम जाने वाले रास्ते में मारपीट किए। करीबन साढे 7 बजे वापस आने पर प्रार्थिया को बताया कि आज के बाद तुमको नहीं मरेगा, तब प्रार्थिया अपने पति हेमसिंह ढाले रोड़ किनारे से घायल अवस्था में ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल लेकर आए, तब डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मोहला में आरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जिले के 7 ग्रामों का चयन किया गया है। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों का निर्धारित प्रपत्रों में सर्वे उपरांत ग्राम विकास योजना तैयार की गई है, जिसे ग्राम स्तरीय कन्वर्जेंस समिति तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन पश्चात जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति द्वारा अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 नवम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्राम विकास योजना के अनुमोदन पश्चात उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर कल्याण के लिए होती है महाकाली की स्थापना, 16 वर्षों से जारी है सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली के अवसर पर पश्चिम बंगाल में मां काली की प्रतिमा स्थापना की तर्ज पर राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 9 शंकरपुर में भी विगत 16 वर्षों से महाकाली की प्रतिमा दीपावली के अवसर पर स्थापित की जा रही है।

राक्षसों का संघार कर बुराई को खत्म करने वाली मां काली की आराधना से नगर कल्याण के उद्देश्य को लेकर यहां महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जाती है। शिव शक्ति महाकाली पूजा समिति के राजकुमार यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष दीपावली के अवसर पर 48 घंटे के लिए प्रतिमा स्थापित की जाती है।



### बुरी शक्तियों के खत्म होने की मान्यता

मान्यताओं के अनुसार मां काली की पूजा करने से सभी तरह के भय और नकारात्मक शक्तियां खत्म होती है। मां काली की पूजा करने से राहु-केतु की शांति होती है और सुख समृद्धि आती है।

### 51 ज्योति कलश स्थापित



दीपावली के अवसर पर स्थापित की जाने वाली इस महाकाली की प्रतिमा के साथ ही 51 ज्योति कलश स्थापित की जाती है। इस वर्ष भी इस पूजा पंडाल में 51 ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। इन ज्योति कलश का विसर्जन भी महाकाली की प्रतिमा के साथ ही किया जाता है।

### महाकाली, मां काली और भैरव बाबा एक साथ

शंकरपुर के इस पूजा पंडाल में महाकाली के साथ पंडाल के द्वार पर भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं पंडाल के भीतर मुख्य रूप से विशालकाय महाकाली की प्रतिमा और ज्योति कलश कक्ष में मां काली की प्रतिमा स्थापित है। इस पंडाल में भगवान भोलेनाथ और भगवान गणेश की प्रतिमा भी है।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

राजनांदगांव शहर में दीपावली पर मां काली की प्रतिमा सिर्फ शंकरपुर में ही स्थापित होती है। इस दौरान वार्ड के नागरिकों द्वारा यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाती है और दो दिनों की स्थापना के बाद माता की सेवा भजनों के साथ प्रतिमा विसर्जित की जाती है।

### भाई दूज पर स्थापना

शिव शक्ति महाकाली पूजा समिति द्वारा दीपावली के बाद भाई दूज के दिन यहां महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस दौरान कई विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। वहीं पूजा का सिलसिला 48 घंटे तक चलता रहता है। रविवार दोपहर स्थापित की गई इस महाकाली की प्रतिमा पंडाल पर सोमवार दोपहर 2 बजे हवन और मंगलवार सुबह 11 बजे विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन होगा।

# सर्रागोंदी में विक्रांत सिंह ने किया सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्रापं सर्रागोंदी में नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर भाजपा अध्यक्ष विनय देवांगन उपस्थित रहे। फीता काटकर उद्घाटन बाद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार होने से क्षेत्र का विकास तेज गति से हो रहा है। भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देकर



महिलाओं का सम्मान बढ़ाया वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पक्का मकान बनना शुरू हो गया है। आयुष्मान कार्ड से अस्पतालों में निशुल्क इलाज किया जा रहा है। जिपं सभापति घम्मन साहू ने कहा कि लंबे समय से ग्रामवासियों द्वारा सांस्कृतिक मंच की मांग किया जा रहा थी जिसका आज लोकार्पण किया गया। सांस्कृतिक मंच बन जाने से अब वार्डवासियों को धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यों के लिए सुविधा मिल जाएगी। इस अवसर पर अजय सिंह, कमला कोसरे, माधव साहू, लक्ष्मण साहू, जगतूराम साहू, घनाराम कोसरे, विनोद साहू, ऊर्वशी साहू, गनेशिया साहू, समलिया साहू, परगनिया साहू, सुखित साहू व विष्णु साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# पर्व के दौरान सफाई ठप, जगह-जगह कचरों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली के अवसर पर शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। आलम यह है कि बाजार सहित गली-मोहल्ले में कचरों के ढ़ेर नजर आ रहे हैं। दीपावली पर्व के दौरान फोड़े गए फटाकों के कचरे भी साफ नहीं हो पाए हैं। शहर की सड़कों पर सभी तरफ कचरा बिखरा हुआ है।

शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान नहीं दिए जाने के चलते जगह-जगह कूड़ों का अंबार लगा हुआ है। दीपावली पर्व के दौरान ही सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था। पर्व से पहले ही सफाई के नाम पर बाजार में खानापूर्ति की जा रही थी और ऊपरी तौर पर सफाई हो रही थी। वहीं अब दीपावली पर्व संपन्न होने के बाद भी बाजार से कचरा साफ नहीं किया गया है।

### वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

दीपावली पर्व के दौरान सफाई कर्मियों के छुट्टी पर जाने से शहर में दो-तीन दिनों से सफाई नहीं हुई है। त्यौहार के मौके पर शहर की सफाई के लिए निगम द्वारा अलग से व्यवस्था नहीं की गई। जिसके चलते शहर की सड़कों में कचरा बिखरा हुआ है।



### भीतरी सड़कों की सफाई नहीं

शहर के कुछ क्षेत्रों में सड़क की ऊपरी तौर पर सफाई की गई, लेकिन यहां से कचरों को नहीं उठाया गया है।

शहर के जयस्तंभ चौक क्षेत्र में बिखरे कचरे को जयस्तंभ के भीतर ही डाल दिया गया है। फ्लाई ओवर के नीचे कचरा बिखरा हुआ है। वहीं म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में लगे फटाका दुकानों का कचरा भी साफ नहीं हुआ है। वहीं कामठी लाइन, गुडाखू लाइन, दुर्गा चौक से इंदिरा नगर सहित मुख्य मार्गों के किनारे जगह-जगह कचरा पड़ा हुआ है। इसके अलावा शहर के भीतरी सड़कों में सफाई नहीं की गई है।

### तीन दिनों तक सफाई नहीं

दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी के आगमन के चलते घरों में विशेष सफाई की जाती है, लेकिन नगर निगम द्वारा शहर की सफाई को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से दीपावली पर्व के दौरान शहर में जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ है।

# नया ढाबा वार्ड में गहराई पानी की समस्या

- आयुक्त ने वार्ड में पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में पानी की समस्या की शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिसका निरीक्षण करने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ पहुंच समस्या का समाधान के लिए आवश्यक उपाय करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नया ढाबा में पानी की समस्या पर सुबह पहुंच वार्डवासियों से रूबरू हुए। महिलाओं ने कहा कि पानी की बहुत समस्या है, पानी कम आता है, कई क्षेत्रों में तो पानी आता ही नहीं।

आयुक्त गुप्ता नया ढाबा में पानी की किल्लत वाले क्षेत्रों में सुबह



पहुंच जानकारी ली। महिलाओं द्वारा बताए गए स्थानों में जाकर कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा कि टंकी में जल भराव से पहले ही सप्लाई करने से दिक्कत हो रही है, ऐसी शिकायत भी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पूरी टंकी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करें, वाल्वमेन को सख्त हिदायत दें कि टंकी भरने के पश्चात ही सप्लाई खोले। संबंधित अधिकारी मानिटरिंग करें और समस्याग्रस्त क्षेत्र की पाईप लाइन की जांच कर समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि टैंकर से पर्याप्त पानी की सप्लाई करें, इसके लिए समय निर्धारित करें। जिससे पानी की पूर्ति हो सके। इस दौरान आयुक्त ने मोतीपुर व ढ़ाबा क्षेत्र में सफाई का निरीक्षण कर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदीयों से चर्चा कर कहा कि घर से ही अलग-अलग कचरा लें, श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, इसलिए लोगों को समझाईस दें।

उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से कहा कि दीपावली का समय चल रहा है, त्यौहार तक सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, घरों से निकलने वाले कचरा निर्धारित स्थल तथा कचरा गाड़ी में डालने समझाईस दें। निरीक्षण अवसर पर उप अभियंता सुषमा साहू व अनुप पांडे, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू सहित जल व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# जूनियर हैंडबॉल में राजनांदगांव का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजधानी रायपुर में आयोजित 46वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालक प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों का दबदबा होने पर राजनांदगांव जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बधाई दी है।

श्री जैन ने कहा कि हैंडबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी शबनम अंसारी के मार्गदर्शन में कोच रजा ओमन तंबोली और रजा कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने अपने बेहतर खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए उमदा प्रदर्शन किया।

श्री जैन ने बताया कि 46वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालक रायपुर में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता है। कोच रजा ओमन तंबोली और रजा कुरैशी के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल और प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक प्राप्त किया। राजनांदगांव की टीम ने अपने पहले दो मुकाबले में महासमुंद और नारायणपुर को हरा कर सेमी फाइनल में



प्रवेश किया और सेमीफाइनल में बिलासपुर को 15-13 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला रायगढ़ के साथ रहा, जिसमें 7-6 के कड़े और शानदार मुकाबले में रायगढ़ की टीम में राजनांदगांव टीम के विजय रथ को रोकने में सफल हुई और राजनांदगांव को रजत पदक हासिल हुआ। सभी सदस्यों ने टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, जिसमें अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सचिव प्रिंस भाटिया, शबनम अंसारी सहित अंतरा जैन, महेश अग्रवाल सहित सभी सदस्य शामिल थे।

# मरीज के लिए नांदगांव से रायपुर तक बना ग्रीन कॉरिडोर

## मरीज को मिला समय पर उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेजर हार्ट अटैक के मरीज को समय पर इलाज उपलब्ध कराने राजनांदगांव पुलिस की मानवीय कार्य के चलते मरीज की जान बचाने में सफलता मिली। मरीज को रायपुर तक ले जाने के लिए पुलिस द्वारा ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और लगभग 1 घंटे में ही मरीज को समुचित इलाज मिल सका।

बीते 30 अक्टूबर की रात मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू को मेजर हार्ट अटैक के चलते संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सकों ने उन्हें रायपुर के लिए रेफर किया, लेकिन इलाज के लिए समय कम होने की चिंता उनके मित्रों और परिजनों को सताने लगी।

इसी बीच समाजसेवियों ने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को फोन कर एक व्यक्ति के लिए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी देते रायपुर तक ले जाने ग्रीन कॉरिडोर की मांग की, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते एक फॉलो गाड़ी उपलब्ध करा दिया और उन्होंने दुर्ग, रायपुर तक संपर्क कर मरीज को ले जाने ग्रीन कॉरिडोर बनवा दिया।

# यादव ने गोवर्धन पूजा में की जिले की खुशहाली की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोवर्धन पूजा एवं गौरा-गौरी पर्व के पावन अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने परिवार संग गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस धार्मिक आयोजन के दौरान जिलेवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

शहर के प्रमुख मंदिर में संपन्न हुए इस पूजा समारोह में यादव परिवार के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा एकता, सहयोग और समृद्धि का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और समाज के प्रति



अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है।

यादव ने पूरे जिलेवासियों से आह्वान किया कि इस पर्व को मिल-जुलकर मनाएं और आपसी भाईचारे को मजबूत करें।






मानवता: हादसे के बाद उन बच्चों के लिए यह पहली दीपावली थी

# मां भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में सेमरहा के 24 बच्चों ने मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली के अवसर पर आज विधायक माँ भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में उनके साथ सेमरहा के सभी 24 बच्चों, जिनके अभिभावक के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जिम्मेदारी स्वयं उठाई है उन्होंने पूरे उत्साह के साथ ग्राम रणवीरपुर में दीपावली मनाई और अतिशबाजी देखा।

इसके साथ ही उन्होंने भावना बोहरा के साथ भोजन किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस वर्ष की दीपावली मेरे लिए बहुत ही खास व भावनाओं से भरा हुआ है। वे सभी बच्चें मेरे परिवार का एक हिस्सा हैं और आज उनके साथ दीपावली मनाकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। उनके साथ अतिशबाजी भी की और भोजन कर मैनें व मेरे पूरे परिवार ने उनका मुंह मीठा कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बच्चों के चेहरों पर आई खुशी देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हुई कि हमारे इस प्रयास से उन सभी 24 बच्चों के जीवन मे एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिन भावनात्मक परिस्थितियों व मानसिकता से वे गुजरें हैं उसे कम करने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उस दुखद हादसे के बाद उन बच्चों के लिए यह पहली दीपावली थी। ऐसे में कहीं न कहीं वो सभी बच्चे अपने अभिभावकों की कमी को महसूस न करें,इसलिए सहपरिवार हमने उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया। हमने उन सभी बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जो जिम्मेदारी ली है उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आगामी समय मे उनके हर सुख-दुख में और त्योहार में उन्हें अपने अभिभावकों की कमी महसूस न हो इसके लिए हम हर संभव प्रयास करते रहेंगे।





## विधायक के प्रयासों से पहली बार विधानसभा की कार्यवाही देखी थी

विदित हो कि इसके पूर्व भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों के साथ मुलाकात कर उन्हें मिठाई बांटी। उनके प्रयासों से पहली बार उन सभी बच्चों ने विधानसभा की कार्रवाई देखी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के मॉल में गेम्स खेले, अपने लिए नए कपड़े खरीदें और मन पसंद भोजन किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर भी विधायक भावना बोहरा ने उन बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और बच्चों ने उन्हें तोहफे भी दिए।

# तितरी में धूमधाम से मनाया राज्योत्सव व दीवाली का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 1 नवंबर सन 2000 को मातृ राज्य मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ पृथक होकर एक नये राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। इसीलिए सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा ने इस वर्ष 1 नवंबर को ग्राम पंचायत तितरी में राज्योत्सव व दीवाली समारोह का आयोजन समस्त ग्रामीण जनों के सहयोग से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। जिसमें कार्यक्रम को खास बनाने के लिए कुछ बच्चियों को छत्तीसगढ़ महतारी, लक्ष्मी माता, भारत माता तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई बनाकर पूरे गांव में झांकी निकाली गई। इस कार्यक्रम की खास विशेषता यह रही कि इसमें इस ग्राम के कर्मचारी वर्ग के लोगों को मुख्य अतिथि बनाया गया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के पीछे के कारण को पूछने पर कार्यक्रम के बाग डोर संभाले तथा अध्यक्षता कर रहे सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा के अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे ने कहा कि राज्योत्सव मनाना राज्य के प्रगति से संबंधित है और एक राज्य बेहतर विकास व प्रगति तभी कर सकता है जब उसकी छोटी इकाई अर्थात गांव अथवा ग्राम स्तर पर ग्रामीण जन विकास और प्रगति के मार्ग की ओर बढ़े। इन्हें जीवन में सफल लोगों का मार्गदर्शन मिले इसीलिए ग्राम के वे लोग जो कई शासकीय पदों पर आसीन हैं, कर्मचारियों को मुख्य अतिथि बनाया गया। साथ ही वह अपने ड्यूटी के चलते ज्यादातर ग्राम से बाहर ही रहते हैं ऐसे में दीपावली त्यौहार पर उनका सम्मान भी हो ऐसा सोच रखते हुए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच भगवंतिन मरकाम, प्रधान पाठक सुंदर सिंह मेरावी, सचव उपदेश मेरावी, जन प्रतिनिधि कांशीराम मरकाम ने क्लब की सराहना किए। उनका कहना रहा कि क्लब लगातार सामाजिक हितैसी कार्य कर रही है। उनके मुहीम जन जागरूकता के अलावा रक्तदान करना इसके लिए पूरा कवर्धा जिला क्लब का कायल है। उन्होंने आगे बताया कि जब उन्हें आपातकालीन ब्लड की जरूरत पड़ी तब क्लब ही निस्वार्थ भाव से आगे आया और उनकी मदद की। बच्चों ने कई रिकॉर्डिंग डांस छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत पर किए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में रुचि रखने वाले पृथ्वीराज मरकाम की अगुवाई वाली निवासपुर एवं समनापुर की टीम पहुंची जो अपनी सुंदर प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा गई। इस अवसर पर क्लब कोषाध्यक्ष व मंच संचालक लालसिंह मरकाम, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार परते, अनुशासन प्रभारी राजेश कुमार भास्कर, सदस्य सुनील कुमार मेरावी, नोकेश मधुकर, वासु लहरे, मुख्य अतिथि प्रधान पाठिका मीरा पटले, आ.बा. कार्यकर्ता कलीबाई मेरावी, मितानिन शांता बाई कुशरे एवं सिरिस बाई मेरावी, रमेश लाल मेरावी, बालकृष्ण रहांगडाले, गणेश रहांगडाले, धनसिंह मेरावी, सुरेश पटले, महेश मेरावी समस्त गणमान्य नागरिक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# भारत यात्रा पश्चात शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द पहुंचे सहसपुर लोहारा

## शिष्य पण्डित देव दत्त दुबे ने किया महाराज का दिव्य मंगलमय पदार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बद्रीनाथ के शंकराचार्य उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज का गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा पश्चात गत दिनो छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। इसी कड़ी में शंकराचार्य दीपावली के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार 31 अक्टूबर गुरुवार को लक्ष्मी पूजन के दिन सलधा से साजा, खम्हरिया, रणवीरपुर, सिल्हाटी होते हुए 12:00 बजे सहसपुर लोहारा में शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य पण्डित देव दत्त दुबे के निज निवास श्री गुरुकृपा प्रसादम् में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज का दिव्य मंगलमय पदार्पण हुआ। इस अवसर पर आतिशबाजी, शहनाई, पारम्परिक वाद्य यंत्रों, फूल मालाओं से शंकराचार्य का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। श्री गुरु कृपा प्रसादम् पधारने पर समस्त राजपुरोहीत दुबे परिवार ने शंकराचार्य का पादुका पूजन किया। शंकराचार्य ने अपने प्रिय पण्डित देव दत्त दुबे से कुशल क्षेम पूछते हुए स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए पूरे परिवार को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर नगर एवं क्षेत्रवासियों को शंकराचार्य का दिव्य दर्शन प्राप्त हुआ। श्री गुरुकृपा प्रसादम् में पादुका पूजन पश्चात पूज्य शंकराचार्य 01:00 बजे राजमहल पधारे जहां राजा खड्गराज सिंह ने परिवार सहित शंकराचार्य का पादुका पूजन किया एवं स्वर्गीय राजा क्षत्रपाल सिंह के नाम से सहसपुर लोहारा क्षेत्र के 12 किलोमीटर के दायरे में देशी गौ माता के लिए गौ शाला खोलने की इच्छा प्रकट की। जिस पर बद्रीनाथ के शंकराचार्य ने राजा खड्गराज सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि आज यदि देशी गौ का संरक्षण, संवर्धन नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ी गौ माता को सिर्फ फ़ोटो में ही देखेगी। जैसे आज डायनासोर नामक जीव को देखते और जानते हैं। उन्होने कहा कि गौ को सरकार राष्ट्र माता घोषित करे जिससे देशी गौ माता का संरक्षण हो। देशी गौ के लिए हमनें नाम दिया है रामा, रामा यानि राष्ट्र माता या राज्य माता। आज कहने को तो देशी गौ माता की 56 प्रजातियां हैं लेकिन जब धरातल पर जाएं तो जमीनी हकीकत यह है की आज देशी गौ की मात्र 25 प्रजाति ही बची है। देशी गौ की वो 56 प्रजातियां कहां हैं तो वह सिर्फ कागजों में है। उन्होने कहा कि रोज गाय कट रही हैं इसलिए देशी गौ विलुप्ती के कगार पर है। सहसपुर लोहारा के राजमहल में पादुका पूजन संपन्न होने के पश्चात शंकराचार्य कवर्धा के लिए प्रस्थान कर गए। जहां उन्होने विभिन्न कार्यक्रमों में सिरकत की।

# भाईदूज पर बहनों भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज के पावन पर्व पर भाई बहन का स्नेह देखने को मिला जिसमें दिनेश पांडे ने बताया यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। बहनें इस दिन विशेष थाल सजाती हैं, जिसमें रोली, अक्षत चावल, दीपक, मिठाई और नारियल रखा जाता है। इस थाल को पूजा के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भाई अपनी बहन के घर भोजन करे तो उसे दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसलिए कई घरों में भाई को बहन के हाथ से बना भोजन कराया जाता है। तथा भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं, जो उनकी बहन के प्रति प्यार और देखभाल का प्रतीक है। इसको मनाए जाने के पीछे एक पौराणिक कथा भी प्रचलित है। वही शास्त्रों के अनुसार भगवान सूर्य नारायण और संज्ञा के दो संतानें थे। एक पुत्र यमराज और दूसरी पुत्री यमुना थी। मगर एक समय ऐसा आया जब संज्ञा सूर्य का तेज सहन कर पाने में असमर्थ होने के कारण उत्तरी ध्रुव में छाया बनकर रहने लगी। जिसके कारण ताप्ती नदी और शनिदेव का जन्म हुआ।



उत्तरी ध्रुव में बसने के बाद संज्ञा छाया का यम व यमुना के साथ व्यवहार में अंतर आ गया। इससे व्यथित होकर यम ने अपनी नगरी यमपुरी बसाई। वहीं यमुना अपने भाई यम को यमपुरी में पापियों को दंड देते देख दुःखी होती, इसलिए वह गोलोक में निवास करने लगीं लेकिन यम और यमुना दोनों भाई-बहन में बहुत स्नेह था। इसी तरह समय व्यतीत होता रहा, फिर अचानक एक दिन यम को अपनी बहन यमुना की याद आई। यमराज अपनी बहन यमुना से बहुत प्रेम करते थे, लेकिन काम की व्यस्तता के चलते अपनी बहन से मिलने नहीं जा पाते थे। फिर कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन यमुना ने भाई यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उन्हें अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया। ऐसे में यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यमुना ने स्नान के बाद पूजन करके, स्वादिष्ट व्यंजन परोसकर यमराज को भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए इस आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया। फिर यमुना ने कहा कि, 'हे भद्र! आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो और मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर-सत्कार करके टीका करे। उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक की ओर प्रस्थान किया। तभी से इस दिन से ये पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है।

# बहनों ने अपने भाइयों को परोसे अनेक प्रकार के पकवान, निभाया भाई-बहन का रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

भाई दूज के पावन पर्व पर बहनो अपने भाईयों के साथ विधि पूर्वक भाई दूज मनाते हुए भाई और बहन की रिश्ते को बहुत ही भाग्यशाली एवं एक मिसाल के रूप में माना जाता है भाई के माथे पर तिलक लगाकर सत्कार करने से भाई बहन के बीच में प्रेम बढ़ता है और आपसी संबंध और मजबूत होते हैं भाई दूज पर भाई बहन एक दूसरे के घर जाकर न केवल अपने रिश्ते की मजबूत बनाते हैं बल्कि अपने परिवारों के बीच संबंधों को भी और गहरा बनाते हैं यह पर्व समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों जातियों और समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल को बढ़ावा देता है भाई दूज विश्वास और सम्मान का पर्व कहा जाता है भाई दूज का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन की रिश्ते का जश्न मनाने का अवसर है यह हर साल दीपावली की बाद मनाया जाता है और भाई-बहन के रिश्ते में प्यार और विश्वास की एक गहरा परत छोड़ता है यह एक ऐसा पर्व है जो सामाजिक प्रभाव भी है जिसे समाज परिवार गांव शहर राज्य देश राष्ट्र में राष्ट्रीय एकता में एकरूपता आता है।



पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## प्रदीप उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पितकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग



**हरिभूमि कवर्धा।** विप्रभवन लोहारा रोड कवर्धा मे अध्यक्ष मनीष तिवारी की अध्यक्षता मे एक आवश्यक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया है हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर में घटी हूई घटना केवल ब्राह्मण समाज के एक परिवार की नहीं बल्कि सर्वब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत हैं श्रद्धेय स्व प्रदीप उपाध्याय के आत्मा की शांति के लिए ब्राह्मण समाज कवर्धा सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करता है ऐसी निन्दनीय घटनाओ के लिए सामाजिक हित में सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज को घटित घटना पर सवाल खड़ा करते हुए सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज को पूरी ताकत से आवाज उठाने की जरूरत है ब्राह्मण सदैव प्रत्येक समाज का हित चाहने वाला मार्गदर्शक रहा है शासन-प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों को यह बातें समझने की आवश्यकता है स्वर्गीय उपाध्याय को प्रताड़ित करने वाले अधिकारीगण पूरे ब्रह्माण समाज को अपमानित किया है ऐसे अधिकारीगणो पर ब्राह्मण समाज कवर्धा कठोर कार्यवाही की मांग करता है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने की स्थिति में ब्राह्मण समाज आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। सचिव-सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष-वेदनारायण तिवारी, अश्विनी पांडे, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय शर्मा, विष्णु शर्मा चन्द्रभान शर्मा, नंद शर्मा के साथ साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000



छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

# 5 नवंबर को कवर्धा में राज्योत्सव का होगा आयोजन

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर 2024 को जिले में कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृंथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे।

कार्यक्रम में विधायक पण्डरिया श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए जाएंगे, जिनसे लोगों को राज्य की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त होगी। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5:30 बजे से रात 11:30 बजे तक होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। वही कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे जिला कबीरधाम के स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक नृत्य से होगी, जो कि 6:00 बजे तक चलेगा। इसके बाद 6:00 से 6:20 तक क्लासिकल म्युजिकल्स कवर्धा के अंतर्गत तुलेश्वर शर्मा द्वारा सुनहरी यादें की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें शास्त्रीय संगीत की महक दर्शकों तक पहुंचेगी। 6:20 से 6:40 बजे छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का कार्यक्रम रजऊ साहू और उनके साथी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोकधुनों की मिठास दर्शकों को सुनाई देगी। शाम 6:40 बजे मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल के मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और राज्योत्सव की शुभकामनाएं देंगे। 7:30 से 8:30 बजे सुरता के आंसू नामक लोक कला मंच का कार्यक्रम होगा। जिसमें नेवारी से आए कलाकार योगेन्द्र दास मानिकपुरी और उनके साथी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रात 8:30 से 9:30 बजे खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें विभिन्न रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां होंगी जो दर्शकों का मन मोह लेंगी। कार्यक्रम का समापन रात 9:30 से 11:30 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायक पद्म श्री अनुज शर्मा का विशेष लोकसंगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। अनुज शर्मा अपनी सुरमयी आवाज़ में छत्तीसगढ़ी गीतों की मिठास से समां बांधेंगे और राज्योत्सव की रौनक को और भी बढ़ाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, लोककलाओं और विविध परंपराओं का प्रदर्शन होगा, जो स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर से आए दर्शकों को भी आकर्षित करेगा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची के संबंध में वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को जिले के सभी 805 मतदान केन्द्रों में किया गया है, जहां सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकेंगे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के तहत विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन, स्थानांतरण के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया के 394 एवं 72-कवर्धा के 411 कुल 805 मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किए गए है। वे कार्यालयीन समय में सभी प्रकार के फार्म सहित मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से निर्धारित कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। जिसके तहत कार्य किया जाएगा।

**कार्यक्रम:** ग्राम राम्हेपुर कला में विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी सरकार मंदिर का किया गया भूमिपूजन

# पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालाजी सरकार मंदिर की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम राम्हेपुर में बालाजी सरकार के भव्य मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम से पहले, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के नागरिकों ने पुलिस लाइन हेलीपैड में भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने अपने आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से अभिवादन किया। भूमिपूजन के बाद, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और इस भूमि के प्रति हम सभी ऋणी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह पहली बार रायपुर आए थे, तो यहीं से उन्हें क्रांतिमई विचार मिला था। यह स्थल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को संजोएं और इसे आगे बढ़ाएं। पंडित महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल एक भौगोलिक स्थल है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएगा। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह में गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।इस अवसर पर उन्होने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री शर्मा ने नक्सलियों के खात्मे के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के गढ़ में जाकर लोगों व उस क्षेत्र का विकास किया है। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा छत्तीसगढ़ के वासियों के प्रति एक कर्जा है जब मैं यहां पहली बार आया था तो हमने हिन्दू राष्ट्र बनाने को लेकर आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने के लिए हम से 21 से 29 नवम्बर तक गांव-गांव की करीब 160 किलो मीटर की पदयात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान पिछड़े और बिछड़ों को जोड़ेंगे उन्हें गले लगाएंगे और हिन्दुओं को जगाएंगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि ऐसी ही एक पदयात्रा छत्तीसगढ़ में भी की जाएगी। वहीं उन्होने कहा कि मैं हर साल एक बार राम्हेपुर आता रहुंगा।





**शहर में रही भारी सुरक्षा व्यवस्था**

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के कवर्धा आगमन को लेकर आयोजकों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा खासी तैयारियां की गई थी। मुख्य आयोजन व प्रवचन स्थल पीजी कॉलेज मैदान तक पहुंच मार्ग चिन्हांकित किए गए थे। इसके अलावा समूचे शहर में दर्जन भर से अधिक पार्किंग स्थल बनाए गए थे। शहर के सभी मुख्य मार्गों से लेकर चौक चौराहों में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। लेकिन पीजी कॉलेज मैदान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का पूर्व निर्धारित प्रवचन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

# मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है: धीरेन्द्र शास्त्री महाराज

## महाकुंभ में गैर सनातनियों को दुकान आवंटन नहीं किए जाने की मांग सही



■ पत्रकारों से रूबरू हुए पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रवचन सहित ग्राम राम्हेपुर कला में बागेश्वरधाम मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे श्री बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने मीडिया से रूबरू होते हुए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष द्वारा महाकुंभ में विशेष समुदाय के लोगों को दुकान आबंटित किए जाने के विरोध का समर्थन किया है।

उन्होने कहा कि यह बहुत अच्छी मांग है। जिन्हे सनातन संस्कृति की जानकारी हो, पूजा पद्धति की जानकारी हो, पूजा सामग्री की शुद्धता की जानकारी हो उन्हीं लोगों को पूजन सामग्री के विक्रय का काम दिया जाना ज्यादा अच्छा है। जिन्हें इसके विषय में कोई जानकारी नहीं है उन्हे ये काम नहीं देना चाहिए।

पूर्व में थूक कांड, पेशाब कांड सामने आ चुके हैं। श्री शास्त्री ने कहा कि कुछ षणयंत्रकारी हैं जो सनांतन धर्म का विनाश करना चाहते हैं इसलिए महाकुंभ में गैर सनातनियों का प्रवेश वर्जित कर देना चाहिए। उन्होने कहा कि और फिर मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है? महाकुंभ स्थल में त्रिवेणी है, संगम है, संतो का दर्शन है।

जिनका संतो के दर्शन, प्रवचन, भगवान राम, सनातन धर्म से कुछ लेना देना ही नहीं है उनका महाकुंभ में क्या काम है। श्री बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने कहा कि लोगों को अंधविश्वास से दूर कर भगवान हनुमान से जोड़ने के लिए कवर्धा जिले के ग्राम राम्हेपुर कला में श्री बागेश्वरधाम सरकार के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। ताकि छत्तीसगढ़ राज्य की उन्नति हो सके, सनातन धर्म मजबूत हो सके लोगों को जोड़ा जा सके। शास्त्री महाराज ने बंटोगे को कटोगे के सवाल पर कहा कि यह बिलकुल सही है। 40 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में 3 करोड़ की जनसंख्या वाले देश के 300 अग्रेजों ने आकर फूट डालो राज करो की नीति अपनाकर वर्षो तक राज किया। अगर उस समय हमने एकता दिखाई होती तो हमारा देश गुलाम नहीं बनता। उन्होने कहा कि अगर फिर से गुलाम बनना हैं तो बंट जाओ और बदशाह बनना है तो बंटो नहीं, एक हो जाओ। पिछले दिनो अपने ऊपर हुए हमले पर उन्होने कहा कि कुछ षणयंत्रकारी और धर्म विरोधी लोगों ने कोशिश की थी लेकिन ऐसे लोगों से हम डरते नहीं है।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ कबीरधाम की टीम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान टीम ने उन्हें संगठन की विभिन्न स्काउटिंग गतिविधियों से अवगत कराया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर, पवन जायसवाल, जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी, भगवती हठीले एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके साथ राज्य मीडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह ठाकुर, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, सीनियर रोवर समीर खान, भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के रोवर्स रेंजर्स ने भी विधानसभा अध्यक्ष को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सभी सदस्यों ने स्काउटिंग गतिविधियों के माध्यम से समाज में हो रहे सकारात्मक योगदान के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे ये गतिविधियां युवाओं को समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती हैं। साथ ही, उन्होंने स्काउट्स के माध्यम से समाज में संस्कार, अनुशासन एवं सेवा भाव के प्रसार में हो रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए स्काउट्स की गतिविधियों को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने टीम को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



# भाईदूज खाने भाई पहुंचे बहनों के द्वार धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली त्यौहार तीसरे दिन रविवार को परम्परानुसार भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व विशेष पर बहनो ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका मुंह मिठा किया। इस अवसर पर भाई-बहनो का प्यार व उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में दिन भर चहल कदमी देखने को मिली। दूर-दराज रहने वाली बहनो के भाईयों ने उनके ससुराल पहुंचकर तिलक लगवाया और अपनी बहनो को उपहार दिया।भाई-दूज के अवसर पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की तथा परिजनों की सुख समृद्दि्घ हेतु कामना की। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ भाईदूज का पर्व मनाया गया। बहनों ने कई प्रकार के पकवान बनाए। भाईयों की आरती कर माथे पर तिलक लगाकर सुख समृद्दि्घ की कामना की। भाईयों ने बहनों की रक्षा के संकल्प लिए। बहनों ने भाईयों को स्वादिष्टं भोजन व पकवान खिलाए। आज दिनभर सभी वर्ग के लोग भाईदूज की खुशियां मनाते रहे। ये खुशियां खासतौर पर बच्चों में अधिक देखी गई। बच्चे नए-नए वस्त्र पहनकर इस पर्व का आनंद लेते रहे। इस पर्व के संबंध में जानकारों के मुताबिक समूचे भारत देश में यह पर्व राखी की तरह मनाया जाता है। इस पर्व के संबंध में मान्यता है कि, भगवान सूर्य के पुत्र यमराज व पुत्री यमी अर्थात यमुना है। बहन यमुना ने इसी दिन अपने यमराज को निमंत्रित कर अपने हांथों से स्वादिष्टं भोजन तैयार कर उन्हें तृप्त किया था। जिससे प्रसन्न होकर यम ने बहन को वरदान मांगने को कहा। इस पर बहन यमुना ने अपने भाई यमराज से वर के रूप में सभी बहनों के भाईयों की खुशहाली मांगी। तब से आज तक राखी पर्व की तरह भाईदूज पर्व पर बहनें भाईयों की आरती उतारकर माथे पर तिलक लगाती है तथा ईश्वर से अपने भाई की दीर्घायु की कामना करती है। आज यम द्वितीया के पावन पर्व पर व्यापारी तथा वर्ग विशेष के द्वारा कलम दवात तथा भगवान चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।



### अंचल में इस बार भी सिंघाड़े की शानदार पैदावार

**कवर्धा।** जिले में इस बार सिंघाड़ा की अच्छी पैदावार से बाजार में खासी आवक बनी हुई है। अपने अलग थलग स्वाद के लिए मशहूर सिंघाड़ा लोगो द्वारा खूब खरीदा जा रहा है। इन दिनों बाजार में पका हुआ सिंघाड़ा 10 रूपए में 10 नग के भाव से उपलब्ध है। ज्ञात हो कि क्षेत्र मे मौसमी फल सिंघाड़ा का उत्पादन भारी मात्रा में दर्ज किया जाता रहा है। तालाब के तलहटी पर उगने वाले इस फल को खाने के लिए कई तरीकों से इस्तेमाल में लाया जाता है। सूखे हुए सिंघाड़े से पारंपरिक सिंघाड़े की मिठाई तैयार की जाती है। इसके लिए तालाब की तलहटी में उगे हरे सिंघाड़ो को निकालकर छाव में कुछ दिनों तक सूखाया जाता है। सिंघाड़े के छिलके की परत का सूखा होना पुक्ता होने के बाद इसे धूप में सुखा दिया जाता है। पूरी तरह सूख चुके सिंघाड़े को छिलका निकालकर पीसकर सिंघाड़ा मिठाई बनाने के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है। सिंघाड़े की मिठाई का प्रयोग मुख्यतः उपवास आदि के लिए किया जाता है। इधर उबले हुए सिंघाड़े की बात की जाए तो काफी मशक्कत के बाद इसे तैयार किया जाता है। सर्व प्रथम तालाब के नीचे उगे परिपक्व हरे सिंघाड़ों को निकाला जाता है। हल्का सूख जाने के बाद सिंघाड़े को एक निश्चित तापमान पर उबाला जाता है। यह उबला हुआ सिंघाड़ा ही बाजार पर दिखाई देता है। उबले हुए सिंघाड़े को बेचने से पहले दुकानदार उसे खाने लायक बनाने के लिए उसके दोनो छोर को काट देते है। बताया जाता है कि क्षेत्र में सिंघाड़े की पैदावार काफी मात्रा में होती है। क्षेत्र में सिघाड़े की पैदावार को देखते हुए सिंघाड़ा संबंधित उत्पाद वाले कुटीर उद्योग के संचालक बड़ी संख्या में क्षेत्र पर निर्भर होते है।

# राजा खड्गराज सिंह ने समाज को दी दान में जमीन

## पटेल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



■ समाज ने जताया राजा खड्गराज के प्रति आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

विकासखण्ड स. लोहारा के प्रथम ग्राम पंचायत, ग्राम बांधाटोला के निवासी ग्रामीणों की मांग पर राजा खड्गराज सिंह ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जमीन दान की है। इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का राजा साहब ने गांव पहुंचकर भूमिपूजन भी किया और नगद एक लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए भी दिए। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम बांधाटोला सहसपुर लोहारा नगर पंचायत से लगा हुआ एक ग्राम पंचायत है। ग्राम के पटेल समाज के पास एक भी सामुदायिक भवन ना होने के कारण विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, समाज और ग्रामवासियों की इस समस्या का कोई निराकरण ना होने के कारण गांव के ही कुछ बुजुर्गों ने सामुदायिक भवन के अभाव से होने वाली समस्यों से राजा साहब हो अवगत कराया था। जिसे देखते हुए राजा साहब ने तत्काल वहां जमीन दान कर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी कर दिया और भवन निर्माण के लिए नगद एक लाख रूपए देने की घोषणा भी कर दी। भूमिपूजन में बड़ी संख्या में उपस्थित पटेल समाज, ग्रामवासियों ने राजा साहब का आभार व्यक्त किया और राजा की जय जैसे नारे भी लगाए। ऐसा पहली बार नही है कि राज परिवार ने जमीन दान में दी है, जनसमस्या के निवारण के लिए सहसपुर लोहारा राज परिवार हमेशा से जमीन दान में देते आए हैं। राजा खड्गराज सिंह द्वारा समाज कल्याण के लिए 20 डिसमिल जमीन आदिवासी समाज को लोहारा में, 20 डिसमिल जमीन बोड़ला में और नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए पटेल समाज के भवन को अतिरिक्त जमीन देकर छोटे भवन को बड़ा बनाने में अपना सहयोग दिया है।

### ग्राम बांधाटोला के ग्रामीणों ने जताया आभार

वर्षो की समस्या हल होता देख ग्रामवासियों का अपने राजा के लिए स्नेह भूमिपूजन कार्यक्रम में देखने को मिला। जहां ग्रामवासियों ने राजा की जय जैसे नारे खूब लगाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों का जमावड़ा रहा जिन्होंने इस नेक कार्य को खूब सराहा।

### हमेशा खुले हैं महल के दरवाजे: राजा साहब

एक तरह जहां ग्रामीणों ने राजा साहब को धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे राजा साहब ने सभा को संबोधित कर कहा कि आप सब हमारे परिवार हैं, लोहारा में रहने वाले सभी समाज हमारे परिवार हैं और तमाम सहसपुर लोहारा क्षेत्र के वासियों के लिए हमारे राजमहल के दरवाजे हमेशा खुले हैं और खुले रहेंगे। किसी को कोई भी समस्या है वो महल आकर अपनी समस्यों से अवगत करा सकते हैं, जिसका यथोचित निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा।

**दोषियों के खिलाफ होनी चाहिए सख्त और कठोर कार्रवाई : भावना बोहरा**

# दामाखेड़ा में कबीर पंथ के आश्रम में हुआ हमले की साजिश निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार सभी धर्मों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे व प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।

